## स्पीड न्यूज

### पंचायत प्रतिनिधियों ने किया नये बीडीओ का स्वागत



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा के नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय का स्वागत सतबरवा जिला परिषद सुधा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिंहा ,धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिदिन राणा प्रताप कुशवाहा ,सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, अशोक यादव,सत्येंद्र साहू, मनोज सिंह, अशर्फी यादव, कामेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से बुके व शाल देकर तथा मिठाई खिलाकर गुरुवार को बीडीओ कक्ष में स्वागत किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी से आग्रह किया गया की गरीब जनता का काम हो। विधवा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, गरीब जनता को मिले इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री पाण्डेय ने अस्वस्थ करते हुए कहा कि नियम संगत सभी काम होंगे । किसी को बेवजह दौड़ाया नहीं जाएगा। सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### टेम्पू-बाईक की टक्कर में दो महिलाएं सहित तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बैरिया मोड़ के पास एक तेज रफ़्तार टेम्पू ने बाईक में जोरदार टक्कर मार कर भागने का प्रयास किया, किन्तु ग्रामीणों ने पीछा कर बसोरा के पास से चालक सहित टेम्पू को पकड़ कर लेस्लीगंज पुलिस को सौंप दिया। इस घटना में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गये। जिसमें दो महिलाये शामिल है। सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। लेस्लीगंज पुलिस सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायल संतोष कुमार को छोड़ दिया । जबकि घायल दोनों महिलाओं को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक टेम्पू तरहसी थाना क्षेत्र के देल्हा का बताया जा रहा है। घायल संतोष ने बताया कि वह अपने सास को इलाज कराने के लिए पत्नी के साथ मेदिनीनगर जा रहा था कि इसी क्रम में पांकी मेदिनीनगर मेन रोड पर बैरिया मोड़ के पास तेज रफ़्तार से आ रहा टेम्पू धक्का मारकर भागने लगा।

### विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर 26 को



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 26 नवंबर को जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे ले के बारे में बताया जाएगा ।उन्होंने कहा कि डा लसा का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सुलभ और सरल तरीके से न्याय कैसे मिले ।इसके लिए एंपावरमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है ।उन्होंने बताया कि आवास योजना,पेंशन योजना,स्वास्थ्य योजना,सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### पाटन सीओ ने किया कब्रिस्तान का स्थल निरीक्षण

**पाटन पलामू।** पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों के आरोप पर पाटन के सतहे में कब्रिस्तान का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर पाटन सीओ ने बताया कि कल्याण विभाग से ग्राम सतहे में कब्रिस्तान का चारदीवारी का काम किया जा रहा है जिसपर ग्रामीणों द्वारा अपने नीजी जमीन पर चारदीवारी करने का आवेदन दिया था जिसके बाद दोनों पक्षों को नोटिस दिया गया था । पाटन सीओ ने बताया कि बंदोबस्ती पर्चा के आधार पर स्थल का मिलान किया गया । उन्होंने कब्रिस्तान कि जमीन का पेपर प्रस्तुत करने के लिए तथा ग्रामीणों को भी अपनी जमीन कि दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा।

### मासिक लोक अदालत का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 25 नवंबर शनिवार को 11 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी । उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले पीठो का गठन कर लिया गया है । इसमें सुलह समझौते का आधार पर अधिक से अधिक से अधिक मामले निपटारे का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने पक्षकारों से लोक अदालत में मामले निपटारा कराने की अपील की है।

### मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर लोग चलें : रूचि



**मेदिनीनगर।** तुलसी मानस मंदिर साहित्य समाज चौक के पास श्री राम चरित्र मानस नवाह्न पारायण पाठ 20 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा। रांची विश्वविद्यालय पूर्व कुलपति जंग बहादुर पांडे स्वागत अभिनंदन किया गया । रामायण पाठ करता 20 पंडितों को रंभा गुप्ता के द्वारा भोजन कराया गया । रामायण पाठ सुबह 9 बजे से दिन 2:00 तक पंडित प्रेम कुमार के द्वारा किया जा रहा है जिसमें सीताराम लक्ष्मण जंगल में कैसे बनवासी की तरह सुग्रीव जामवंत हनुमान से मित्रता कर विभीषण के द्वारा कार्य किया गया मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के मार्ग जीवन जीने की कला को बताया गया। मुख्य रूप से पधारे अयोध्या नगरी से पंडित मधुसूदन त्रिपाठी , उत्तर प्रदेश झांकी से रुचि रामायणी प्रवचन कर लोगों को ओतप्रोत कर रहे हैं। मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि काफी संख्या में महिलाओं द्वारा राम दरबार का परिक्रमा किया गया । इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष धूर्भ नारायण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष ई भरत सिंह, सचिव शिवनाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रवि शंकर उपाध्याय , सह सचिव मनीष भिवानिया, बलिराम शर्मा , विनोद उदयपुरिया, संतोष शंघाई ,राजकुमार हरलालका, रामनरेश वर्मा, मुरली मनोहर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता ,मनोहर लाली ,संजय केजरीवाल, हर्ष तुलस्यान, गिरधारी गर्ग, रवि शंकर पांडे ,प्रकाश सिंह, सुनीता देवी, पूजा भिवानिया, रेखा ,किरण अग्रवाल समेत काफी संख्या में राम भक्त हनुमान भक्त भजन एवं प्रवचन का आनंद उठाये।

### मनातू कृषि विभाग के तकनीकी प्रबंधक सहायक पदाधिकारी प्रकाश रंजन को दी गई विदाई



**मनातू पलामू ।** मनातू प्रखंड के कृषि तकनीकी प्रबंधन सहायक पदाधिकारी प्रकाश रंजन को कर्मियों ने समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत गुप्ता एवं विष्णु यादव ने किया । विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन ताराचंद यादव ने किया । मौके पर विभिन्न पंचायत के कृषि मित्र के साथियों के द्वारा उपहार अंग वस्त्र फूल माला प्रदान कर जोरदार स्वागत किया । कृषि मित्र के द्वारा प्रकाश रंजन के किए हुए कार्य को सराहा और उनके काबिलियत के बारे में बताया । नए कृषि मित्र के सहायक तकनीकी पदाधिकारी गौतम जी को भी बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया । विदाई समारोह में कृषि मित्र सहायक तकनीकी प्रबंधक पदाधिकारी प्रकाश रंजन सिंह ने कहा कि संविधान के अनुसार कार्य होनी चाहिए। किसी के भावनाओं को आहत वाला कार्य नहीं की जानी चाहिए। मनातू में बेहतर कार्य होना चाहिए । गौतम कुमार को प्रकाश रंजन ने कहा कि लोगों द्वारा दिये गये सम्मान व प्यार को नहीं भूला सकते हैं। संचालन करता ताराचंद यादव ने कहा कि कृषि पदाधिकारी डोर टू डोर जाकर किसान को बीच सरकारी लाभ पहुंचाया ।

# प्रत्येक सनातनी करें मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग : देवकीनंदन ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर ।** भारत देश का प्रत्येक सनातनी कोर्ट व सरकार के समक्ष मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग करें। वे 2007 से अयोध्या में राम मंदिर व मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग 2007 से श्रीमद् भागवत कथा के दौरान उठाते रहे हैं। ये बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक धर्मरत्न शांतिदूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे शुक्रवार को स्थानीय मुख्य डाकघर के पीछे स्थित दीपू सिंघानिया के आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को रामलाल के मंदिर का शुभारंभ हो जाएगा। इसके बाद मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए वे कुछ बड़ा कदम उठाएंगे। कहा कि 1670 में औरंगजेब ने मथुरा के कृष्ण मंदिर से विग्रह को उखाड़ कर जामा मस्जिद की सीढ़िया में गाड़ दिया है। विधर्मी उस पर चढ़कर मस्जिद में जाते हैं। इस मामले पर कोई भाईचारे की बात नहीं करता दिखाई देता। कहा कि कथा के माध्यम से पिछले 27 वर्षों से सनातनियों को जगाने व उनकी आवाज उठाने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि मैकाले ने पूरे भारत में पाश्चात्य संस्कृति को फैलाने का काम किया। इसके कारण भारत में सनातनी संस्कृति खत्म हो रही है। अधिकतर सनातनी अपनी संस्कृति को इग्नोर कर रहे हैं। ना तो सनातनियों के मस्तक पर तिलक है, ना सर पर शिखा खा और ना ही हाथों में कलावा है। माता पिता अपने को मॉडर्न बताकर अपने संतानों को खराब कर रहे हैं। माता-पिता व गुरुजनों को पैर छूने की आदत ही सनातन संस्कृति है। हिंदू राष्ट्र यानी रामराज्य घोषित होने से सभी भारतीय शांति से रह सकेंगे। हिंदू राष्ट्र के माध्यम से रामराज्य की कल्पना करनी चाहिए। रामराज्य में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो का नारा गुंजता है। सनातनी अपना ही नहीं, पूरे विश्व के कल्याण की बात करते हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने सवाल खड़ा किया कि आजादी के बाद मंदिरों में सनातनियों के चढ़ाए पैसों को सरकार ने क्यों कब्जे में किया। आखिर उस राशि से किस मजहब के लोगों का कल्याण हो रहा है। कहा कि मंदिरों में चढ़ावे की राशि से प्रत्येक जिले में पांच-पांच गुरुकुलम की स्थापना होनी चाहिए। जाति की बात कहकर वोटो के ध्रुवीकरण के प्रयास करने वाले नेताओं को चुनाव लड़ने के अधिकार को छीन लेने की आवश्यकता है। ऐसे नेता गलत मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। कोई नेता रामायण जला रहा है तो कोई वेद। कोई ब्राह्मण को गाली देता है तो कोई देवी - देवताओं के बारे में गलत बोलता है। सनातनी इसे कैसे सहन कर सकता है। जाति की बात करना देश व ऐसे नेताओं के लिए घातक सिद्ध होगा।

### विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट गांव में आज बांटेगा वस्त्र

विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट पलामू के दो प्रखंडों के दो गांव में गरीबों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण करेगा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक धर्मरत्न शांतिदूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज अपने हाथों से वस्त्रों का वितरण करेंगे। इसकी जानकारी स्वयं देवकीनंदन ठाकुर ने दी। कहा कि पुरातन ऋषि मुनियों ने धर्म का मार्ग सिखलाया है। जरूरतमंदों की सेवा करना व दूसरों के दुख को बांटने की बातें बताई हैं। इसके तहत वे प्रत्येक वर्ष ठंड के दिनों में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच वस्त्रों का वितरण करते हैं। कहा कि वे शनिवार को चैनपुर प्रखंड के बुढ़ीवीर मंदिर परिसर में 9 बजे से व सदर प्रखंड के सुआ में 10.30 बजे से जरूरतमंदों के बीच वस्त्रों का वितरण करेंगे। वे परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय व अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समेत आशुतोष पांडेय लक्की व आशीष भारद्वाज के साथ दोनों गांव में गरीबों के बीच वस्त्रों का वितरण करेंगे।

# सड़क व पुल निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा होगी : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम जी के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिला पलामू एवं गढ़वा में कतिपय जर्जर सड़कों/पुलों के निर्माण हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,भारत सरकार के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि से निर्माण कराने हेतु अनुशंसा किया गया था। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री राम के अनुशंसा के आलोक में पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा उक्त सड़कों के निर्माण हेतु डीपीआर बनाने का आदेश पारित हो गया है। उक्त संबंध में पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के अभियंता प्रमुख ने मुख्य अभियंता, केंद्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, झारखंड, रांची को पत्र लिखकर उक्त सड़कों के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर बनाने का निर्देश दिया गया है। ये सड़क 202 किलोमीटर एवं पुल का निर्माण लागत लगभग 9 अरब 1 करोड़ रुपए की राशि से किया जाएगा। उक्त सड़क एवं पुल के निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा होगी एवं लोगों की चिर-परिचित मांग पूरी होगी। इन सड़कों में पाटन प्रखंड के डुरही से बासाबार (बढ़ई टोला) होते हुए चूड़ादोहर तक पथ 7 किलोमीटर, छतरपुर प्रखण्ड के कुरकुट्टा मोड़ से कव्वल होते हुए बाघमारा तक पथ 7 किलोमीटर, पाटन प्रखण्ड के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ से बरसैता-कांके-पाण्डेयपुरा-लोइंगा तक पथ 20 किलोमीटर। पाटन प्रखंड के तीसीबार से बुढ़ी-बुका-चेतमा-सरईडीह तक पथ (दो प्रखंडों को पाटन एवं नौडीहा बाजार को जोड़ने वाली सड़क) 25 किलोमीटर,छतरपुर प्रखंड के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ कुटियामोड़ से पाटन तक पथ (छतरपुर को पाटन से जोड़ने वाली पथ) 18 किलोमीटर, नौडीहा बाजार प्रखण्ड के ग्राम सरईडीह-डगरा होते हुए बिहार के बोर्डर नवीगढ़ तक लगभग 10.00 किलोमीटर, छतरपुर प्रखण्ड के डुंडुर-हेसाग होते हुए छुछुईया सोलंगा तक लगभग 5.00 किलोमीटर,हरिहरगंज प्रखण्ड के कटेया मोड़ से बेलाघाट तक लगभग 13 किलोमीटर, एन0एच0-98 छतरपुर-तेलाड़ी मोड़ से कउवल कुरकुटा होते हुए ओबरा मुख्य पथ लगभग 15 किलोमीटर, भण्डरिया-बड़गड़-टिहरी पथ (ओडीआर) में 14वें कि0मी0 में पुल निर्माण कार्य,भवनाथपुर प्रखण्ड के कैलान से बरडीहा होते हुए विशुनपुरा तक लगभग 45 किलोमीटर,भण्डरिया से परो बरवाडीह पथ लगभग 22 किलोमीटर,कैलान कांडी विशुनपुरा वाया बरदाहा पथ शामिल है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहायक है कार्यक्रम : डीसी

**अनूप कुमार**

**मोहम्मदगंज पलामू।** पलामू जिला के मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंसा पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का विधिवत उदघाटन पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अलावा भावी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार ने पढ़ने वाले युवा युवतियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर कई योजनाएं चला रही है। जिससे उनकी पढ़ाई में आर्थिक बाधा नहीं बने। न्यूनतम ब्याज दर पर उन्हे पढ़ाई के लिए कर्ज देने की व्यवस्था है। वह नौकरी के बाद उसे आसन किस्तो में चुका सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा युवती रोजगार से जुड़ना चाहते हैं, उन्हे भी कर्ज देकर रोजगार शुरू कराया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि पलामू में कम वर्षा की वजह कृषि को लेकर किसानों की परेशानी देखते हुए सरकार ने पशु पालन के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। गाय, बकरी, मुर्गी, सूअर पालन के अलावा मत्स्य के क्षेत्र में किसानों को आगे लाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसमें सरकार अनुदान भी दे रही है।



उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में एक लाख रुपए अतिरिक्त आमदनी कराने को लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ देने में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास, पेंशन योजना, छात्र छात्राओं को साइकल योजना के अलावा लड़कियों के प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रहीं है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लिए गए आवेदन की जांच के उपरांत लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधित शिकायतें अधिक मिलती रहती हैं। कार्यक्रम में मोटेशन से संबंधित आवेदन ऑनलाइन किया जा रहा है, संभवतः सात दिनों के अंदर उसका निष्पादन कर दिया जाएगा।

# राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार ने मनिका डिग्री कॉलेज का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बाला गुरूसामी ने मनिका डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे छात्र छात्राओं से भी पठन पाठन , प्रायोगिक कक्षाएं, पुस्तकालय समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। कॉलेज के भवन की सराहना करते हुए कहा कि मात्र भवन से ही छात्रों का भविष्य उज्वल नहीं हो सकता है। भवन कैसा भी हो लेकिन उसमें उच्च कोटि की शिक्षा होना अति आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में डिग्री कॉलेज का होना गर्व की बात है लेकिन इस महाविद्यालय में शिक्षक शिक्षकेत्तरकर्मियों के अभाव के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं दूसरी ओर प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब बंद रहने के कारण बच्चे प्रभावित हो रहे हैं जो एक बड़ी गंभीर समस्या है। ये बच्चे ही राज्य व देश के भविष्य हैं। इनके उज्वल भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है इस पर गंभीरता पर सोचने की जरूरत है। उन्होंने मुख्य सड़क से कॉलेज तक पहुंच पथ की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर कॉलेज प्रशासन , राज्य सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को गंभीर होने की जरूरत है।

### निरंजन बजरंग दल के प्रखंड संयोजक मनोनीत



**मेदिनीनगर।** श्री राम जन्म भूमि मंदिर में श्री राम लल्ला के प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में संपूर्ण सनातन समाज को आमंत्रित करने के लिए आज पांकी प्रखंड के ग्राम हरना में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड के संगठन विस्तार करते हुए निरंजन कुमार सिंह को पांकी प्रखंड बजरंग दल के संयोजक और मनीष सिंह को प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के सह मंत्री मनोनित किया गया। नूरु पंचायत विश्व हिंदू परिषद समिति भी गठित हुई। नूरू के पंचायत विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष मनजीत कुमार, मंत्री दीपांकर कुमार और बजरंग दल संयोजक और सह संयोजक क्रमशः मुकेश कुमार सिंह और मंटू कुमार को मनोनित किया गया।अयोध्या से आई पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्र और जन्मभूमि मंदिर के प्रारूप आदि को घर घर पहुंचाने हेतु निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड के ग्यारह, हर पंचायत से पांच और प्रत्येक गांव से तीन तीन कार्यकर्ता की सूची नाम और फोन नंबर के साथ जिला मंत्री को शीघ्र अति शीघ्र भेज दी जाएगी। बैठक में प्रांत से बजरंग दल के प्रांत संयोजक माननीय दीपक ठाकुर, पलामू जिला के पूर्व जिला पालक विजय पाण्डेय, विभाग से पलामू विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, आकाश कुमार, विवेकानंद कुमार आदि सैकड़ों कार्यकताओं की सहभागिता रही।

## खबर एक नजर में

### सरकारी योजनाओं का ग्रामीण उठायें लाभ : सीओ



**मेदिनीनगर।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड के जोड़ पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन सीओ अमरदीप बल्होत्रा , जिप सदस्य बासो देवी, मुखिया प्रभा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सरकारी योजनाओं संबंधित विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गये थे। जहां पर ग्रामीण आवेदन देकर अपनी समस्या से निजात पा रहे थे। सीओ ने कहा कि झारखंड सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीणों की छोटी छोटी जो भी समस्याएं हैं उसे कैंप लगाकर पंचायत स्तर पर ही समाधान कराया जाये। इस दिशा में जिला प्रशासन की ओर से पलामू जिला के सभी प्रखंडों के पंचायत स्तर पर आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें व स्वावलंबी बनें। इस मौके पर जिप सदस्य बासो देवी , जोड़ मुखिया प्रभा देवी, बसंती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना को लोग काफी संख्या में आवेदन जमा किया।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जनता को मिल रहा है सीधा लाभ : प्रमोद सिंह



**चैनपुर पलामू।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रबदा पंचायत सचिवालय पर आयोजित शिविर आयोजित की गई। जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि छोटे-छोटे मामलों को लेकर ग्रामीण उपायुक्त के जनता दरबार में जाते देखे जाते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण प्रखंड स्तर तक भी किया जा सकता है। ऑनलाइन सिस्टम में ऑपरेटर मनमानी करते हैं। इसमें सुधार की आवश्यकता है। जिप सदस्य ने कहा कि सरकार की ओर से कई जन उपयोगी योजनाएं संचालित हैं जरूरतमंद इसका लाभ उठाएं। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि जनता दरबार में ग्रामीण अपने गांव व पंचायत में ही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे सकते हैं। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज, अंचलाधिकारी संजय बाखला झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा,प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया।

### रेडक्रॉस पलामू की वार्षिक आमसभा की बैठक आज

**मेदिनीनगर।** रेडक्रॉस पलामू का वार्षिक आम सभा की बैठक 25 दिसंबर दिन शनिवार को 11 बजे से टाउन हॉल में आयोजित की जायेगी। इसकी जानकारी देते हुए रेडक्रॉस के सचिव डा सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि बैठक में रेडक्रॉस के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पूर्व में रेडक्रॉस की बैठक 17 नवंबर को होनेवाली थी। लेकिन कतिपय कारण से बैठक स्थगित कर दिया गया था।

### मनातू में 80 वर्षीय वृद्ध महिला की हुई मौत

**मनातू पलामू ।** मनातू प्रखंड के मझौली पंचायत के ग्राम रबदा निवासी श्री पासवान के 80 वर्षीय पत्नी कैलाशपती देवी का आकस्मिक मौत हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। इनके मौत पर ग्रामीणों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### 26 तक होगा प्रतियोगिता : दुर्गा जौहरी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा 16वीं यूथ राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बालक बालिका टीम का चयन हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि गढ़वा जिला में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें पलामू जिला से बालिका टीम में 12 एवं बालक टीम में 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता 26 नवंबर तक चलेगा। इसमें चयनित टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगा। बालक टीम में आलोक कुमार सिंह, मो जैद अली, निखिल कुमार, अदनान शमर, अनिमेष कुमार पाठक, आयूष अग्रवाल, कुश कुमार सिंह, आकाश राज, अभिनव चटर्जी, विशाल कुमार, जीएस करण, अनुभव कुमार पांडेय शामिल हैं। इस टीम के कोच मो जैद एवं टीम मैनेजर विशाल कुमार हैं। जबकि बालिका टीम में सुकन्या मेहता, सोनम कुमारी, चैवी कुमारी, शिखा कुमारी, प्रियंका कुमारी, पल्लवी कुमारी, करूणा कुमारी, तेजस्वी कुमारी, सुचिता कुमारी, आकांक्षा तिवारी, खुशी सिंह, स्वाति कुमारी शामिल हैं।

### 45 करोड़ की लागत से बनेगी 17 सड़कें : कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक की अनुसंशा पर स्वीकृत हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की 17 ग्रामीण सड़को के जीर्णोद्धार की निविदा गुरुवार को ग्रामीण कार्य विभाग डालटनगंज ने निकाल दिया है। इन सड़को का निर्माण हो जाने से अधिकांश गांव की सड़क समस्या का समाधान हो जाएगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में 30 से अधिक सड़कों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कुछ का काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को 17 ग्रामीण सड़को की निविदा के बाद अधिकांश गांव की समस्या दूर हो जायेगी। बची हुई ग्रामीण सड़कों को भी स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही उनकी भी निविदा निकाल दी जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि 17 सड़कों में हैदरनगर मुख्य पथ से रेलवे स्टेशन से बिंदु बिगहा होते चौकड़ी तक, पंसा रोड के रहमानिया मोड़ से कबरा कला तक, नौडीहा से काजी नगर तक, हैदरनगर बरेवा रोड से जमुआ तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ के खरडीहा से मोकहर कला भाया कुड़वा लोहरपुरा तक, मुख्य पथ से कुकही तक, मोहम्मदगंज के गोराडीह से भाली तक, सोनबरसा मोड़ से बीरधवर तक, जपला छतरपुर मुख्य पथ से गेड़ूराही होते मोहम्दाबाद तक, जपला दंगवार मुख्य पथ से दादरा तक, दंगवार रोड से पोखरही तक, इटबांध से कोदवारिया घाट तक, जपला छतरपुर मुख्य पथ से अली नगर तक, कामगारपुर मोड़ से गमहरबिगहा मेन रोड भाया कामगारपुर तक, जपला छतरपुर मेन रोड से हीरा सिकनी तक, हैदरनगर पत्ता पथ से खरगड़ा तक, परता रोड से सोनपुरवा तक के पथों का विशेष जीर्णोद्धार किया जाना है।

# छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का चेक मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बारी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी सरकार, आपकी योजना,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन भूमि उपसमाहर्ता रश्मि के साथ , प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, पंचायत की मुखिया निरोतमा कुमारी, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, बीडीओ अभिषेक कुमार पांडेय के साथ अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अतिथियों के द्वारा शिक्षा विभाग से दी जाने वाली निःशुल्क साइकिल का चेक 16 छात्राओं को निर्गत किया गया। वही स्कूली बच्चों को बैग, जूता और पोशाक भी दी गई। मौके पर अतिथियों के अलावे धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, रेवारातू मुखिया अनीता देवी, युगल किशोर राम, विनय सिंह, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, एमओ अरविंद कुमार, पशु चिकित्सक मो तौफीक,बीएओ धर्मेंद्र कुमार, सुखसागर सिंह,संतोष तिवारी,रुपमाली कुमारी ने भी कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई । कार्यक्रम का संचालन कर रहे ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रोशन पाठक ने बताया कि फूलों झानो योजना के तहत लाभार्थियों को 10000 का लोन बिना ब्याज के देने की व्यवस्था है। मोहम्मद अदनान अशरफ ने बताया कि राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, कृषि के अलावा कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर लगा हुआ था।

# ग्रामीणों की समस्या संबंधित तीन सौ आवेदन लिये गये

### केल्हार पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार अपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन पाटन प्रखंड के केलहार पंचायत में आयोजित किया गया । शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी ,पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह, पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, बीससुत्री उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । जनता दरबार में स्टॉल लगाकर रजिस्ट्रेशन के लिए ग्रामीणों के समस्या संबंधित तीन सौ आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में अबुआ आवास योजना ,आयुष्मान कार्ड ,बाल विकास विभाग , प्रधानमंत्री सुक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना, बिरसा कुप सिंचाई योजना , श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास योजना, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड योजना, राजस्व विभाग, जाति, जन्म मृत्यु एवं दिब्यांगता विभाग, मनरेगा योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, विरसा हरित क्रांति योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक सहायता विभाग सहित कई विभागो के स्टॉल लगाये गये थे। शिविर में ग्रामीणों के आवेदनों को विभिन्न विभागों में समस्या का निदान करने के लिए भेजा गया । शिविर में कंबल का वितरण किया गया । शिविर में पंचायत समिति सदस्य राजकुमारी देवी, बीपीआरओ कामेश्वर सिंह, सीआई बालमोहन सिंह, केलहार मुखिया जैनुल सिद्दीकी , पाटन आपुर्ति पदाधिकारी सखी चन्द दास, पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, राजेंद्र सिंह, पंचायत सचिव अहमद हुसैन अंसारी सहित प्रखंड एवं अंचल के सभी पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

## स्पीड न्यूज

### कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**कुडू।** प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 3 का शुभारंभ शुक्रवार को कुडु प्रखंड के सलगी पंचायत में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, कूडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, असलम अंसारी, बीडीओ मनोरंजन कुमार, प्रखंड अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह, पंचायत अध्यक्ष प्रमोद साहू एवं काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण जनता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता को सबंधित विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा दिया गया। साथ ही परिसंपति का भी वितरण किया गया।

### हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन

**चैनपुर।** प्रखंड के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के कोयल नदी पुल के समीप गुरुवार को हुए सड़क हादसे में दो जल सहिया समेत 3 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं शुक्रवार को कार्यपालक दंडाधिकारी सुशील कुमार खाखा, चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उराँव व बरडीहा पंचायत के मुखिया ईश्वर उरांव के उपस्थिति में सड़क हादसे में मृत दुर्गावती देवी, मंजू देवी व रितेश मुंडा का अंतिम संस्कार करवाया गया। वहीं एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के द्वारा मृतक के आश्रितों को तत्काल मुआवजा के तौर पर 10-10 हजार रुपये व 50-50 किलो अनाज दिया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी सुशील कुमार खाखा ने सड़क हादसे में मृतक लोगों के अंतिम संस्कार के लिए 10-10 हजार रुपए व 50-50 किलो अनाज दिया गया है। आगे कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ मिलेगा। ज्ञात हो की गुरुवार को चैनपुर साप्ताहिक बाजार से पैसेंजरों को लेकर बरडीहा की ओर जा रहा ऑटो रिक्शा को विपरीत दिशा से आ रहे वैश्वनी नामक यात्री बस न टक्कर मार दी थी। जिससे ऑटो रिक्शा में बैठे तीन लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। वही आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है।

### सड़क दुर्घटना में मृत जलसहिया को जल सहिया संघ ने दी श्रद्धांजलि




**गुमला।** जल सहिया संघ गुमला की बैठक शुक्रवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम में हुई। बैठक में कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र में बस व ऑटो की टक्कर में मरी जलसहिया दुर्गावती देवी को श्रद्धांजलि दी गई और सरकार से मृतका जलसहिया के परिवार को मुआवजा देने की मांग की गयी। कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने जलसहिया दुर्गावती देवी की मौत की खबर पाकर बैठक कर रही सहियाओं से मिलने पहुंचे और घटना के बाबत विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मृतक जलसहिया दुर्गावती देवी की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर दल के संयोजक विजय सिंह ने घटना के प्रति दुख प्रकट करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं में बढ़-चढ़कर मदद करने वाली जलसहिया दुर्गावती देवी के आश्रितों को कम से कम 50 लाख रुपया मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देकर राज्य सरकार पीड़ित परिवार को न्याय देने का काम करें। श्री सिंह ने जलसहिया की विभिन्न मांगों को भी पूर्ण किए जाने की मांग हेमंत सरकार से की। घटना में मारे गए एक 30 वर्षीय युवक के आश्रितों को भी मुआवजा देने और घायलों का बेहतर इलाज की व्यवस्था करने की मांग राज्य सरकार व जिला प्रशासन से की है। इस मौके पर जलसहिया संघ की अध्यक्ष कुंती देवी, संघ की महामंत्री सावित्री देवी के अलावे कई जलसहिया बहनें मौजूद थी।

### कार्यक्रम महज औपचारिकता : झामुमो

**गुमला।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तीसरे चरण में गुमला नगर परिषद के द्वारा लुथेरान मैदान परिसर में आयोजित शिविर को झामुमो नेताओं ने फेल करार दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के द्वारा जनता को उनकी समस्याओं से अवगत होने तथा सहायता के लिए शिविर का भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुमला नगर परिषद के उपाध्यक्ष सह झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमने पाया कि नगर परिषद गुमला के द्वारा शिविर को लेकर सिर्फ औपचारिकताएं निभायी जा रही है। दिन के लगभग 1:00 बजे तक पाया गया कि एक भी आवेदन कैंप में नहीं आया था और ना ही कोई जनता व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी का भी कोई आता-पता था। प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की गई थी जिसे देखते हुए हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा घर जाकर लोगों को सूचना दिया गया। जिला सचिव मोहम्मद आरिफ अंसारी ने कहा कि हम लोगों को जनता के द्वारा काफी शिकायत मिलती रही है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष लड्डन खान, प्रदीप सिंह, कृष्णा लोहरा झामुमो मीडिया प्रभारी मोहम्मद साजिद खान, अनवर खान, राकेश, कृष्ण आदि थे।

### धरना में शामिल होंगे सोसायटी सदस्य



**कैरो।** स्वंयसेवी संगठन मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो उर्दू शिक्षकों की बहाली एवं संबंधित अन्य मांगों को लेकर आम्या संगठन रांची द्वारा 28 नवंबर को राजभवन के समक्ष आयोजित धरना कार्यक्रम का समर्थन करती है। सोसायटी के सचिव खुर्शीद अंसारी ने इस संबंध में बताया कि पिछले 23 वर्षों में झारखंड की द्वितीय राजभाषा उर्दू के विकास के लिए कुछ नहीं किया गया।यहां तक की बहाली हेतू 4401 उर्दू शिक्षकों के पद सृजित किये गये थे जिसमें अब तक 3712 पद पर बहाली नहीं की गयी। हाई स्कूल में नाम मात्र के शिक्षक बहाल कर उर्दू भाषी छात्रों को मूर्ख बनाने की कोशिश की गई वहीं इंटर में अब तक उर्दू शिक्षकों की बहाली ही नहीं हुई।

# राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिक्षक किशोर वर्मा पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित रिटायर्ड शिक्षक किशोर कुमार वर्मा को पोक्सो एक्ट में लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। किशोर के अलावा दो अन्य लोगों पर शहरी क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की की आपत्तिजनक तस्वीरें खींचने और उन्हें वायरल करने, आत्महत्या के लिए मजबूर करने आदि आरोप हैं। पीड़िता की मां द्वारा सदर थाने में दर्ज कराये गये कांड संख्या 328/2023 में इनके एवं दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। जिसमें विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया है।

किशोर पर आरोप है कि वह पीड़िता को पत्रकारिता की शिक्षा देने के बहाने अपनी गाड़ी में ले जाते थे। 2022 में न्यूज कवर करने की बात कह उसे किस्को ले गये। लौटने के क्रम में गाड़ी से उतरने नहीं दिया और खकपरता शिव मंदिर ले गये। जहां जबरदस्ती अपने एक और सहकर्मी के मोबाइल से आपत्तिजनक तस्वीरें खींची। इन तस्वीरों को फिर बाद में एक व्यक्ति ने वायरल कर दिया।

**खास बातें :** किशोर पर वासनात्मक और बुरी नीयत से फोन और व्हाट्सएप पर लगातार दबाव बनाने का भी आरोप पीड़िता ने लगाया है। इस मामले के प्राथमिक अभियुक्त किशोर कुमार वर्मा को पुलिस ने यूपी के सोनभद्र से गिरफ्तार कर लोहरदगा लायी और गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गौरतलब है कि किशोर शिक्षक की नौकरी से रिटायर्ड होने के बाद एक अखबार से कुछ समय से जुड़े थे। बहरहाल पुलिस अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापामारी कर रही है।

# ये तो गलत बात है... निजी फायदे के लिए बनायी जा रही जल नल योजना की टंकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के पंडरा पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का बंदरबांट एवम लूट साफ दिखाई दे रहा है। जनप्रतिनिधि विकास कल्याणकारी योजनाओं को खुद के कल्याण के लिए कर रहे हैं इस्तेमाल। मामला पंडरा पंचायत के जिलिंग मोड का है जहा केंद्र सरकार के जल नल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण किया जाना है ताकि लोगो के घरों में पानी पहुंच सके। निर्माण पंडरा पंचायत के वार्ड सदस्य जीरामणि बोदरा के आंगन में बनाया जा रहा है जिसका निर्माण जमीनी सतह पर पूर्ण भी हो गया है। यह जमीन निजी है। अगर कल के गये जमीन मालिक के द्वारा जमीन का घेरा कर दिया जाए तो फिर लोगों को इसका लाभ कैसे मिलेगा। मामले को देख कर साफ कहा जा सकता है की जनप्रतिनिधि अपने निजी स्वार्थ के लिए योजनाओं का बंदरबांट कर रहे हैं। जमीन नहीं मिलने का बहाना कर रहे जनप्रतिनिधि। मामले की जानकारी मिलने के बाद भी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से कोई भी निरीक्षण के लिए अब तक नहीं आये हैं। बताया जाता है विभाग के कर्मियों को स्वयं नही पता है की योजना का निर्माण कौन सी जमीन पर हो रहा है। इस बात से साफ है कि विभाग के द्वारा स्थल निरीक्षण नही किया गया है।

### जनप्रतिनिधि एक दूसरे पर लगा रहे आरोप

**क्या कहते हैं पंचायत के उपमुखिया :** पंडरा पंचायत के उपमुखिया मुमताज पवरिया ने कहा कि ये निर्माण उनकी जानकारी एवम उनकी सहमति से हो रहा है। उक्त स्थान पर सरकारी जमीन नहीं मिलने के कारण ऐसा निर्णय लिया गया है।

**क्या कहते हैं जेई**



पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई सुमन खलखो ने बताया कि वो मामले को लेकर स्थल का निरीक्षण करेंगे उसके बाद कुछ निर्णय लिया जायेगा।

**क्या कहते हैं पंडरा मुखिया**

पंडरा पंचायत के मुखिया अमरनाथ उरांव ने बताया कि इस कार्य में उनकी स्वीकृति नहीं ली गई है। ये कार्य उनकी स्वीकृति के बिना किया जा रहा है।

### भीठा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सभी ग्रामीणों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : जिप सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते भंडरा बीडीओ व उपस्थित अन्य।

**भंडरा।** प्रखंड के भीठा पंचायत भवन के समीप शुक्रवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिप सदस्य राजमनी उरांव, प्रमुख बिरिया देवी उपस्थित हूये और कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य राजमनी उरांव, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने मौके पर लगाये गये स्टाल का निरीक्षण किया और लोगों को सरकारी योजना का लाभ उठाने की अपील भी की। मंच से लोगों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण ईलाकों में अंतिम पंक्ति के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री की अगुवाई में सरकार कार्य कर रही है।

**खास बातें :** सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण ऑन द स्पॉट हो। सभी पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन कर अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ आपके समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा सके। प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ज्यादा लोगों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखें। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सुदूर इलाकों में रहने वाले लोगों को नहीं होती है।

# हमें अपनी संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजो कर रखने की जरूरत : सुभाष

- जनजातीय गौरव दिवस को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर नवडीहा में हुआ कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते युवक-युवतियां व उपस्थित लोग।

**घाघरा।** जनजातीय गौरव दिवस को लेकर शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर नवडीहा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, लोहरदगा संगठन मंत्री वनवासी कल्याण केंद्र राजेश्वर उरांव, पहान रुधु उरांव, सिद्धेश्वर उरांव व भाजपा एसटीमोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिनंदन भगत ने संयुक्त रूप से बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में जनजातीय समूह के नृत्य, गीत व उनके कार्यों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 32 गांव के पहान शामिल हुए। जिन्हें कंबल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वीर क्रांतिकारी बिरसा मुंडा, सिदू कान्हू, फूलों झानो, नीलांबर पीतांबर सहित कई अन्य वीरों के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर झारखंड प्रांत के शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे ने कहा कि हमें अपने संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजो के रखने की जरूरत है। राजेश्वर भगत ने कहा कि आदिवासी जनजातीय समुदाय में संस्कृति और सभ्यता की एक अलग ही पहचान है। इसके पूर्व अतिथियों को पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। मौके पर अखिलेश्वर साहू, श्याम बिहारी शुक्ला, लखबीर सिंह, जयप्रकाश सिंह, पिंकी देवी, संजना देवी, जलेश्वर भगत, फाल्गुनी सिंह, देवराज सिंह, सहदेव सिंह समेत कई पहान पुजार व ग्रामीण शामिल थे।

### प्रशासन से अलाव की व्यवस्था कराने की मांग

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने जिला प्रशासन से ठंड को देख पूर्व की भांति शहरी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही लाचार तथा बेसहारों के लिए कंबल की व्यवस्था की मांग की है। कहा कि यह सच्चाई है कि अभी ठंड और वर्षों की तरह बहुत ज्यादा नहीं पड़ रहा है। परन्तु समय रहते यदि इसकी समुचित व्यवस्था कर दी जायेगी तो आसान होगा। लोगों को ठंड में परेशानी नहीं होगी। साथ ही विक्षिप्त तथा वैसे व्यक्ति जो सड़क किनारे रात बिताने को मजबूर हैं वैसे व्यक्तियों की शिनाख्त कर गुमला में खड़िया पाड़ा में बने रैन बसेरा में भेजा जाये।

# सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद को जरूर मिले : इंदु गुप्ता

- घाघरा के दिरगाव गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड के दिरगांव गांव में प्रखंड प्रशासन द्वारा शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन, मनरेगा विभाग, आवास, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग सहित कई विभाग के स्टॉल लगाये गये।

वहीं स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा वितरण किया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराया और दवा ली। वहीं महिला विकास मंडल समूह की महिला दीदी को चेक भी जेसेलपीएस से दिया गया। वहीं ग्रामीणों ने संबंधित स्टाल अपने आवश्यकतानुसार आवेदन भरकर जमा किया। आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता ने कहा कि सरकार के सरकार आपके द्वार का मुख्य उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना है।

# कैरो में लगा पशु चिकित्सा सह बांझपन शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में शुक्रवार को रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सहयोग से पशु चिकित्सा सह बांझपन शिविर लगाया। शिविर में उपस्थित पशुपालकों को मवेशियों में होने वाली बीमारियां व उससे बचाव के उपाय बताये गये। इसके अलावे मवेशियों में होने वाले बांझपन व इसका निराकरण को ले विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। मौके पर रांची वेटनरी कालेज के डीन डॉ सुशील कुमार ने कहा कि मवेशियों में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण अति आवश्यक है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप कुमार मवेशियों में होने वाली बीमारियां व इलाज की जानकारी दी गयी। मौके पर रांची स्थित वेटनरी कालेज के डॉ बसंत कुमार, डॉ मधुरेंद्र बच्चन, प्रमुख श्रीराम उरांव, एसएएचओ डॉ अरुण कुमार, कैरो के टीबीओ डॉ अनिल कुमार, रामप्रसाद यादव, सबिंदर कुमार, महादेव उरांव इत्यादि मौजूद थे।

### आदिवासी मूलवासी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**भंडरा।** आदिवासी मूलवासी सद्भावना चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन रास जातरा के उपलक्ष्य में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा के खेल मैदान में किया गया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भंडरा पंचायत के मुखिया इंद्रदेव उरांव, उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली एवं गड़रपो पंचायत के मुखिया सुमित उरांव, राजू शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच एजे स्टाइल एवं सबका टीम के साथ हुआ। इस मुकाबले में एजे स्टाइल टीम विजयी हुआ। इस फुटबाल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग का खेल हो रहा है। जिसमें कुल 32 टीम भाग लिया है। इस टूर्नामेंट का फाइनल राइस यात्रा के उपलक्ष में 27 नवंबर को होगा । फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष शशिकांत उरांव पिंटू ने बताया कि मैच टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र में सद्भावना का माहौल बनाना है।

### वार्ड नंबर एक से शुरू हुआ सरकार आपके द्वार

**गुमला।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद गुमला ने वार्ड नंबर एक अंतर्गत लुथेरन मैदान जीईएल मिशन कंपाउंड से की। उक्त योजना शहर के सभी वार्डों में 26 नवंबर तक चलेगी। शिविर में नगरपालिका से सम्बन्धित समस्या का यथा संभव निदान किया गया। बाकी आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। समस्याओं में श्रम कार्ड, लोन, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, विधवा पेंशन, इलेक्ट्रिक पोल, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाल स्पॉन्सरशिप योजना, राशन कार्ड में नया सदस्य का नाम जुड़वाना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निबंधन, होल्डिंग टैक्स में सुधार, होल्डिंग टैक्स जमा करना, ट्रेड लाइसेंस निर्गत करना साफ-सफाई आदि शामिल थे।

# चैनपुर के कातिंग पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** प्रखंड के कातिंग पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। शिविर का बीडीओ डॉ शिशिर सिंह, जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने किया। जिसमें प्रखंड के सभी विभागों से कर्मी एवं पदाधिकारी मौजूद थे और सभी योजनाओं का ऑन द स्पॉट क्रियान्वयन किया गया। इस दौरान सभी लाभुकों को योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा गया। जिसमें अबुआ आवास, अबु वीर दीशोम योजना, कृषि ऋण माफी योजना, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, कंबल वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख हैं।

### बैठक स्थगित

**गुमला।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ का 26 नवंबर को आहूत चुनावी संबंधी बैठक अपरिहाय कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी मनमोहन सिंह ने दी। बताया कि महासंघ के निर्णय के बाद अगली तिथि तय की जायेगी।

### संविधान दिवस कल

**गुमला।** राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, भारत मुक्ति मोर्चा व झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा 26 नवंबर को बीएस कॉलेज गुमला के सामने पुग्गु जतरा मैदान में संविधान दिवस मनायेगा। यह जानकारी आरएईपी के जिला सचिव संजय उरांव ने दी।

# 76वां स्वास्थ्य शिविर कल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती 76वां स्वास्थ्य शिविर 26 नवंबर को लगायेगा। अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय परिसर में गत 01 जून 2022 से सेवा भारती द्वारा प्रत्येक सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। हर रविवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एक घण्टे का शिवीर आयोजित करते हुए मरीजों की निशुल्क सेवा,सेवा भारती के सदस्यों द्वारा किया जाता है।इसकी जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से सेवा भारती से जुड़े डॉ कुमुद अग्रवाल शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच करते हुए इलाज करेंगे। श्री सर्राफ बताया कि शिवीर में प्रत्येक सप्ताह निशुल्क शुगर, बीपी, वजन, ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट आदि की जांच के अलावे विभिन्न बीमारियों के चिकित्सक निशुल्क जांच भी करते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए समय-समय पर अपना एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य की जांच अवश्य करायें।

# फाइलेरिया ग्रस्त मरीजों के बीच चप्पल व एमएमडीपी किट वितरण

## जिले के नामित पदाधिकारी ने मरीजों को प्रदान किया चप्पल व किट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मरीज को चप्पल प्रदान करते एन अशोक बाबू।

**गुमला।** स्वास्थ्य विभाग गुमला के द्वारा शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रोगियों के बीच फुटवियर का वितरण सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष किया गया। कार्यक्रम में जिले में प्रभारी के रूप में नामित एन. अशोक बाबू निदेशक जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, भारत सरकार शामिल हुए। कार्यक्रम में फाइलेरिया से ग्रस्ति मरीजों को केंद्रीय प्रभारी श्री एन अशोक बाबू के द्वारा उपस्थित मरीजों को चप्पल एवं एमएमडीपी किट प्रदान किया गया। बताते चले कि गुमला के भीबीडी कंसल्टेंट के द्वारा यह पहला कार्यक्रम फाइलेरिया के मरीजों के हित शुरू किया है। फाइलेरिया हाथी पांव से ग्रसित मरीजों में गंदगी के कारण बीमारी के बढ़ने का खतरा को कम करने की दृष्टि से यह प्रयास स्वास्थ्य विभाग के वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम शाखा ने किया।

**खास बातें :** केंद्रीय प्रभारी एन अशोक ने ऐसे प्रयास के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं भीबीडी कंसलटेंट शर्मिला शर्मा की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। वहीं सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप ने बताया कि पूर्व में भी व्हीलचेयर फाइलेरिया के मरीजों को सर्वप्रथम गुमला जिले में ही दिया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीके सिन्हा, अधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अनुपम किशोर, डीटीओ विजय बिरुआ, डीपीएम जय रेशमा खाखा आदि उपस्थित थे।

# सरकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना कार्यक्रम का उद्देश्य : राधा तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत, भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत और कुडू प्रखंड के सलगी पंचायत में किया गया।

सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत स्थित बुनियादी विद्यालय मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी जय ज्योति सामंता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की ने राज्य सरकार की योजनाओं यथा, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत योजनाओं का लाभ दिया गया।

आज के कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नियोजना पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, बीडीओ, सीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

# प्रेमी ने ही की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के डंडई थाना क्षेत्र अर्न्तगत ग्राम रारो के बागे झरिया टोला में युवती विन्दी देवी उर्फ बिंदिया कुमारी हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले की छानबीन के लिए गठित एसआईटी ने आरोपी को गिरफ्तार कर सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि घटना के बाद मृतका के परिजनों के लिखित आवेदन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उद्भेदन के लिए गढ़वा



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

एसडीपीओ अवध कुमार यादव के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर साक्ष्य एवं उसके अपराध स्वीकारोक्ति बयान के पश्चात सम्प्रेक्षण गृह में भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक अनुसांान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि किशोर द्वारा विधि विरुद्ध शारिरीक संबांध बनाने की बात कहने पर मृतका बिन्दी देवी ने मना की। तब किशोर ने जबरन बलात्कार कर गला दबाकर हत्या कर दी। छापेमारी दल में एसडीपीओ अवध कुमार यादव सहित डंडई थाना प्रभारी शाबाज अंसारी, संतोष कुमार, अवधेश शुक्ला, नोवेस केरकेटा, मनोज कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिंह, अजित कुमार पाण्डेय, प्रमोद ऋषि, श्याम बिहारी यादव, नरेश मांझी, शशि कुमार बिन्द, सुरज कुमार, प्रिंस कुमार प्रजापति आदि लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### जेएमएम जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम के प्रति जताया आभार



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के तमाम प्रखंड में किया गया। इस दौरान जेएमएम जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने आम जनता को झारखंड सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने को जागरूक किया। इसके अलावा सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, नगर अध्यक्ष, सचिव, पार्टी के कार्यकर्ता आम जनता के बीच में जाकर समर्पित भावना से हेमंत सोरेन की दी हुई योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम में जिले के तमाम प्रशासनिक पदाधिकारी सहित उपायुक्त सक्रिय दिखीं तथा अपने स्तर से प्रखंड एवं पंचायत में दौरा कर प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने का काम किया। वहीं जेएमएम जिला अध्यक्ष ने सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया।

### मोटरसाइकिल व टेलर की टक्कर में एक युवक घायल, रिम्स रेफर



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के इंदरवा मंदिर के समीप बीती रात मोटरसाइकिल व टेलर की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार इंदरवा निवासी राजेश यादव पिता स्व प्रसादी यादव अपनी मोटरसाइकिल से इंदरवा चौक जा रहा था। इसी क्रम में शिव मंदिर के समीप टेलर ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें उक्त मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आनन फानन में युवक को सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### पार्टी का झंडा ओढ़ाकर मंडल अध्यक्ष को बीजेपी ने दी अंतिम विदाई



**चतरा।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख विक्रम कुमार सिंह के पार्थिव शरीर को शुक्रवार को पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बता दें कि मंडल अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख विक्रम सिंह का बुधवार की रात यूपी के मिजार्पुर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। श्रद्धांजलि देने वालों में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जनार्दन पासवान, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक शर्मा, मृत्युंजय सिंह, टुन्नी सिंह, उज्जवल दास, देवकुमार सिंह सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

### 25 बच्चों को दिया गया गर्म वस्त्र



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत पहरा पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 89 में मुखिया बेबी देवी के नेतृत्व में प्रति बच्चों को दो सेट करके गर्म वस्त्र शुक्रवार को दिया गया। जहां सेवीका बजदेही मिश्रा ने इन सभी बच्चों के बीच आंगनबाड़ी के तहत मिलने वाला वस्त्र का वितरण किया गया है। कुल 25 बच्चे उपस्थित थे।

### जाली नोट के साथ ग्रामीणों ने एक युवक को किया पुलिस के हवाले



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह 1 सप्ताहिक बाजार में जाली नोट के साथ एक युवक को खरीदारी करते हुए सब्जी बिक्रेता ने ग्रामीणों के सहयोग से धर दबोचा। युवक के पास से छः जाली पचास के नोट बरामद किया गया है। उक्त युवक गिरिडीह जिले के जमुआ निवासी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार युवक नावाडीह के आसपास रहकर मजदूरी का काम करता है, युवक बाजार में औरा का फायदा उठाते हुए जाली नोट से सामान खरीद रहा था, इसी दौरान एक व्यापारी के द्वारा जाली नोट की पहचान कर लिया गया, जिसके बाद युवक से नोट को लेकर व्यापारी के साथ बहस होने लगी। इसी दौरान युवक माहौल को भांपते हुए औरे का फायदा उठाकर भागने लगा। तभी व्यापारी व ग्रामीणों ने उक्त युवक का पीछा कर धर दबोचा तथा उसके द्वारा बाज़ार में चलाये गए सभी जाली नोट को बरामद किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस युवक से पुछताछ कर रही है।

## 62 स्वयं सहायता समूह को एक करोड़ का चेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी तालाब के समीप सूर्य मंदिर परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिवहन पदाकािरी ाीरज प्रकाश, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, सीओ मो. अफताब आलम, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय, जिपस सुषमा कुमारी व कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव से काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्या को दूर करने को लेकर पदाकािरियों को लिखित रूप से दस्तावेज के साथ आवेदन दिया।
मौके पर बीडीओ ने कहा कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आज इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी पंचायतों में इस तरह का एक दिवसीय


उद्घाटन करते अतिथि

शिविर लगाकर पंचायतवासियों के विभिन्न समस्या को अन द स्पट निराकरण किया जायेगा, ताकि पंचायत के लोगों को अपनी अपनी समस्या को लेकर आकािरी पदाकािरी का चक्कर न लगाना पड़े। शिविर में समस्या निवारण के लिए अलग अलग स्टल लगाया गया था। जिसमें पेंशन संबंधित 19, राशन कार्ड सम्बंाित 31, राजस्व विभाग 17, बालविकास परियोजना 10, जेएसपीएल विभाग 26, मनरेगा विभाग 45, अबुआ आवास में 200, पशुपालन विभाग 10, पेयजल स्वच्छता विभाग 07, शिक्षा विभाग 01, स्वास्थ्य विभाग 56, ई श्रम कार्ड 28 सहित कुल आवदेन 449 अवेदकों ने अपना-अपना आवेदन दिया। जबकि जेएसपीएल के द्वारा 62 स्वयं सहायता समूह को एक करोड़ का चेक प्रदान किया गया। 45 स्वयं सहायता समूह को 40 लाख रुपया का चेक कम्युनिटी निवेश फंड के रुप में दिया गया। मौके पर प्रखंड स्थित सभी विभागों के कई कर्मी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने लिया प्रतियोगिता में भाग

**कोडरमा।** झारखण्ड पब्लिक स्कूल इंदरवा के छात्र छात्रों ने महात्मा गांाी राजभाषा हिंदी प्रचार संस्था पूणे (महाराष्ट्र) के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा हिंदी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 98 छात्र-छात्राओं में 91 बच्चों ने प्रथम, 3 बच्चों ने द्वितीय एवं 2 बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने तथा विद्यालय का नाम रौशन किया। सभी प्रतिभागियों को संस्था द्वारा प्रशस्तिपत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं 2 छात्राओं अदिला अफरोज कक्षा-9वीं एवं संया कुमारी कक्षा-5वीं ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। उन्हे भी उक्त संस्था द्वारा 'राष्ट्रीय राजभाषा हिंदी रत्न पुरस्कार' (विशेष पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक नीरज कुमार, राजू रंजन सिन्हा, मुकेश कुमार प्रसाद, दानिश मलिक, सत्यम कुमार, विकास कुमार, मुन्ना स्वर्णकार, प्रभाकर प्रकाश, गौरीशंकर एवं शिक्षिकायें खुशबू प्रजापति, सिफत आरा एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### शिविर का आयोजन

**इटखोरी (चतरा)।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इटखोरी के कोनी पंचायत में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं को लेकर सैकड़ों लोग पहुंचे। जिसमें शिविर में लगे स्वास्थ विभाग, बाल विकास परियोजना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पशु पालन विभाग, मनरेगा समेत अन्य अलग अलग विभागों के स्टाल मे अपनी समस्याओं को रखा। अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा व अन्य अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण किया।

### चोर को ग्रामीणों ने धर दबोचा, पुलिस के हवाले

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चैनपुर में एक ट्रक के टायर को चोरी करते हुए गैरेज मालिक ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर स्थित दिनेश राणा के बॉडी गैरेज से खड़े ट्रक के टायर को खोलकर एक युवक द्वारा अपने 608 वाहन में लोडकर ले जा रहा था। इसी बीच गैरेज के मालिक की नजर अचानक चोर पर पड़ी। चोर भाग ही रहा था कि गैरेज मालिक ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से को पकड़ लिया। जबकि उसके अन्य सहयोगी भागने में कामयाब रहे। जिसके बाद ग्रामीणों ने चोर को डोमचांच पुलिस के हवाले कर दिया।

## पशु तस्करी के आरोप में 12 गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस ने पशुओं की तस्करी करने के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं 15 लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज किया है एवं गिरफ्तार 12 आरोपियों को जेल भेज दिया है। दर्ज मामले में पुलिस ने पशु लदे वाहन चालक और मालिकों को आरोपी बनाया है।

आरोपियों में दशरथ सिंह गयाचक दीदारगंज पटना, अजय कुमार नागाटोला दानापुर पटना, नरेश राय एवं उपेंद्र सिंह परीछा पटना, उमेश राय बसौली मुजफ्फरपुर), मालिक राय नादौरा खगड़िया, मुकेश राय, रवींद्र राय वीरपुर वैशाली, अमरेश कुमार ताजपुर समस्तीपुर, भीम कुमार अजाब भोजपुर, विाा यादव, सुरेश महतो, प्रेमघर प्रसाद यादव सैदपुर छपरा, मोहित कुमार राय और कृष्णा राय अवतार नगर परा शामिल हैं। ज्ञात हो कि जब्त पशु में आकितर दुाारू हैं। मंगलवार की रात को कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम को सूचना मिली थी कि बिहार से पशुओं की तस्करी कर झारखंड के रास्ते दूसरे राज्य ले जाया जा रहा है। सूचना के आलोक में थाना पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सलीम लुगुन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बागीटांड़ चेकनाका के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान ट्रक बीआर30जीबी/0190, 407 बाहन जेएच 01डीआर/0797, पिकअप वैन जेएच01इटी/9779 और एक अन्य ट्रक में 22 गाय, 19 बछड़ा और 14 भैंस बरामद किया। पूछताछ के क्रम में वाहन चालकों व मालिकों ने पुलिस को बताया कि बिहार में लगे पशु मेले से पशुओं को खरीद कर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि इस दौरान पशुओं से संबंाित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस ने मौके से 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि तीन लोग फरार हो गये, इार, जब्त पशुओं में से एक बछड़े की गुरुवार को थाना परिसर में मौत हो गयी। वहीं नहीं पकड़े गये लोगों की ओर से पक्ष रखते हुए पशुपालक ने कहा कि पुलिस हमें जान बूझ कर परेशान कर रही है। जबकि हम लोगों ने पशुओं की खरीद्गी को लेकर कागजात भी प्रस्तुत किया।

### नवीन वरण कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** झारखंड विधि महाविद्यालय में नये सत्र एलएलबी में नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए नवीन वरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली हाइकोर्ट के पूर्व अधिवक्ता सह बैंक ऑफ इंडिया महाराष्ट्र के उमरिया डिवीजनल जोनल मैनेजर आनंद सोनम ने नये विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, साथ ही विद्यार्थियों को नये पाठ्यक्रम की जानकारी दी गयी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. विकास राय, डॉ. राखी कुमारी गुप्ता, सुरेंद्र कुमार पांडेय, प्रो. कुमारी सुमन, प्रो. अजय भट्टाचार्य, प्रो. राघवेंद्र दत्त ने नये विद्यार्थियों का स्वागत किया। वहीं सचिव डॉ. डीएन मिश्रा ने विद्यार्थियों को नये सत्र की शुभकामनाएं दी।

### युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 158/23 के प्राथमिक अभियुक्त 19 वर्षीय अमन कुमार पिता सहदेव राम डोमचांच बाजार रोड निवासी को डोमचांच थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उल्लेखनीय हो कि युवक पर एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप था। जिसे डोमचांच थाना पुलिस ने 21 नवम्बर 2023 को ाारा 366(ए)34 भादवी के तहत मामला दर्ज कर अनुसांान कर रही थी। वहीं दूसरी ओर कांड की पीड़िता युवती को डोमचांच पुलिस ने बरामद कर चिकित्सीय जांच व 164 का बयान के लिए महिला आरक्षी के साथ न्यायालय भेजा गया। जबकि आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्यों की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** दिनांक 01 दिसंबर को अर्हता तिथि मानते हुए 27 नवम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक जिले भर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 चलाया जा रहा है। इसे लेकर आज प्रमण्डलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक करने हेतु चतरा परिसदन भवन पहुंची। आयुक्त के आगमन पर उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

उक्त मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने उन्हे पौधा भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात परिसदन भवन के सभा कक्ष में बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में 27 नवम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का



बिन्दुवार समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में पंजीकरण, न्यून गुणवत्ता फोटो एवं ब्लैक एण्ड वाईट व ब्लर फोटो रिप्लेस, ईआरओ नेट पर इंट्री कार्य, 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं का चिन्हित कार्य, दिव्यांग मतदाता, फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने से संबंधित कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली गई। बूथ पर बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाईजर द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रखण्डवार समीक्षा की गई। सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाईजर के कार्यों का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया और कहा अपने स्तर से अपने अपने प्रखण्ड क्षेत्र में आने वाले बूथों का औचक निरीक्षण करें और समय रहते किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसमे समय रहते सुधार कर लिया जाय। इसके पश्चात चतरा प्रखण्ड के मोकतमा पंचायत के ग्राम मोकतमा में राजकीय मध्य विद्यालय मोकतमा में संचालित बूथ पर पहुंच बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाईजर द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके पश्चात मोकतमा पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पहुंच द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और लाभुकों के बीच योजनाओं के स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, जिला निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बचपन स्कूल में मनाया गया नेशनल मिल्क-डे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में बच्चों को दूा के महत्व को बताने के उद्देश्य से कक्षा पीजी से यूकेजी के बच्चों के बीच नेशनल मिल्क डे मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चे कृष्णा कुमार, रेयांष गुप्ता, प्रषिव मोदी, दिव्यम पुजारा, आरिष खान, उस्मान खान, अयांश कुमार और लव्यांश दूा वाले के वेश में स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम की शुरूआत मनोरंजक तरीके से गीत मिल्क इज व्हाइट गाकर हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने गाय का फेस मास्क पहनकर, गाय की आवाज तथा विभिन्न जानवरों की आवाजें निकाली और खूब मजा किया। वहीं संयोजिका मारिया मंडल ने बच्चों को बताया की अमूल मिल्क प्रोडक्ट कंपनी की स्थापना करने वाले डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन पर उनको सम्मान देने के लिए हम नेशनल मिल्क डे मनाते हैं। दूा के उत्पादन में भारत को नंबर वन पर पहुंचाने में डॉ. वर्गीज का अहम योगदान रहा है। उन्होंने बच्चों को दूा तथा दूा से बनी चीजें खाने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं प्राचार्या नीरजा ने कहा कि दूा सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है, दूा के सेवन से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, दूा पीने से हड्डियां और दांत मजबूत होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारिया मंडल, शिक्षिका श्वेता अग्रवाल, पूनम तेजपाल, अमिषा कुमारी, सीमा पंडित, सुनीता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अंजली सलूजा, ब्यूटी, मनीमाला दत्ता एवं विकास गुप्ता की भूमिका सराहनीय रही।

### राज्य स्तरीय दल ने किया फल्गु उद्गम स्थल का निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** झारखंड राज्य स्तरीय दल ने गुरुवार को सिमरिया प्रखंड के बेलगड्डा स्थित फल्गु उद्गम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दल ने उद्गम स्थल के वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और इसके व्यापक जीणोर्धार का आकलन किया। दल में मनरेगा सेल के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक तारकनाथ दास, जेएसडब्ल्यूएम के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक शिव संकल्प, मनरेगा सेल के राज्य सहायक अभियंता प्रेम शंकर गुप्त, सीएफपी के राज्य एनआरएम विशेषज्ञ अजीत कुमार और राज्य जीआईएस विशेषज्ञ जियाउर रहमान शामिल थे। निरीक्षण में उनके साथ चतरा उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता भी शामिल रहे। निरीक्षण दल ने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग भारत सरकार के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ था कि सिमरिया के फल्गु उद्गम स्थल, जो ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखती है उसका जीणोर्धार किया जाना है। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार से संबंधित रणनीति तैयार करने में सहयोग के लिए ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव अरुण कुमार सिंह के द्वारा राज्य स्तरीय एक दल का गठन कर फल्गु उद्गम स्थल पर भेजा गया है। यह दल कम से कम दो स्थलों का निरीक्षण करेगी। जिसके बाद जीणोर्धार की रूप रेखा का विस्तृत प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करेगी। ताकि इस ऐतिहासिक उद्गम स्थल का कायाकल्प किया जा सके। राज्य स्तरीय दल के निरीक्षण के बाद फल्गु उद्गम स्थल के विकास का मार्ग प्रशस्त्र हो गया है जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर बीपीओ राजेश पासवान, मुखिया नरेश साव, विश्वास कुमार, शशिकांत कुमार, रामू पांडेय, टिंकू यादव, दिनेश यादव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीएड संभाग में शोकसभा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय चतरा के बीएड संभाग में एक शोक सभा रखी गई। दुखद सूचना यह है कि बीएड संभाग के 2021-23 सत्र का छात्र संतु कुजूर कि मस्तिष्क ज्वर से पिछले दिनों में असामायिक निधन हो गया। तुरंत 1 घंटे के बाद उनके पिता पहाड़ सी पीड़ा को सहन न करने के कारण से मृत्यु हो गई और इसके लिए चतरा महाविद्यालय ने उनके लिए दो बजे अपराह्न दो मिनट की मौन धारण कर उन दोनों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह ने अनुग्रहित राशि तथा संभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर ने, तथा सत्र 2022-24 , 2023- 25 के छात्र छात्राओं ने तथा पूरा चतरा महाविद्यालय परिवार ने उनके दु:खद परिवार की इस दुख के घड़ी में यथा संभव आर्थिक सहयोग कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बीएड विभाग के अध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह ने इस सभा में कहा यह सामाजिक मूल्य को दशार्ता है तथा शिक्षक -विद्यार्थी का जुड़ाव दिल से होता है सिर्फ दिमाग से नहीं तथा शोक को व्यक्त करते हुए सभी ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस आर्थिक सहायता के लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद, अभार प्रकट किया।

### भौरा काटने से एक की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत वार्ड नंबर 11 के तेतरियाडीह निवासी 58 वर्षीय केदार यादव वर्ष पिता खीरू यादव को भौरा के काटने से बाद उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने खेत में आलू खेत में पानी पटा रहा था तभी सैकड़ों की संख्या में भौरा आकर काटने लगे तभी वह खेत से भागते-भागते अपने घर के समीप आकर गिर गया। बताते चलें कि भौरों की संख्या इतनी थी कि लोग बचाव के लिए भी सामने नहीं आ पाए एवं मूर्छित अवस्था में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे सदर अस्पताल ले जाने को कहा गया एवं रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

